भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
08.08.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2329 का उत्तर

दक्षिण तट रेलवे ज़ोन

2329. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधानमंत्री ने हाल में दक्षिण तटीय रेलवे जोन की आधारशिला रखी है;
(ख) यदि हाँ, तो रेलवे द्वारा भूमि अधिग्रहण किस वर्ष किया गया था, इसके मुख्यालय के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी और यह कब तक पूरा हो जाएगा;
(ग) क्या यह सच है कि नया ज़ोन ओडिशा, छत्तीसगढ़ आदि के कुछ क्षेत्रों को कवर करेगा;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) नया जोन माल ढुलाई कॉरीडोर को किस सीमा तक सुदृढ़ करेगा और आंध्र प्रदेश के पत्तनों से अतिरिक्त कार्गो की हैंडलिंग कर पाएगा?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): नए दक्षिण तट रेलवे (एससीओआर) जोन की आधारशिला हाल ही में रखी गई है। अगस्त 2024 में दक्षिण तट रेलवे जोन मुख्यालय की स्थापना के लिए मुदासरलोवा, विशाखपट्टणम में 52.2 एकड़ भूमि राज्य सरकार द्वारा रेलवे को सौंप दी गई है।

“दक्षिण तट रेलवे के ज़ोन मुख्यालय की स्थापना" का कार्य 183.58 करोड़ रु. की नवीनतम अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया गया है। ज़ोनल मुख्यालय कार्यालय भवन के निर्माण हेतु निविदा प्रदान कर दी गई है। कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। दक्षिण तट रेलवे में महाप्रबंधक की नियुक्त कर दी गई है।

दक्षिण तट रेलवे जोन में गुंटकल, गुंटूर, विजयवाड़ा और विशाखपट्टणम (वाल्टेयर) रेल मंडल शामिल हैं जो आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों को कवर करते हैं।

इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क खनिजों और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र को जोड़ता है और साथ ही विशाखपट्टणम बंदरगाह सहित पूर्वी तट पर स्थित कई महत्वपूर्ण बंदरगाहों को भी जोड़ता है।

******